प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
05.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे

मुख्यमंत्री

हिमाचल से बहने वाली नदियों के पानी पर प्रदेश के लोगों के हक का दावा एक बार फिर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने जताया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब और हरियाणा राज्य पानी को लेकर विवाद कर रहे हैं, लेकिन यह पानी हिमाचल से बह रहा है, जिसके बदले में हिमाचल प्रदेश के लोगों को पानी पर अपना हक मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि पानी हिमाचल प्रदेश की बहुमूल्य प्राकृतिक संपदा है, जिससे राज्य 12 हज़ार मेगावाट बिजली पैदा करता है। लेकिन बिजली पैदावार के बदले भी प्रदेश को उसके पूरे हक नहीं मिल पा रहे। ये बात मुख्यमंत्री ने कल न्यू शिमला में 18 करोड़ रुपये की लागत से बनी पार्किंग के उद्घाटन अवसर पर कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से क्षेत्र में एक नई पार्किंग की घोषणा भी की।

मौसम

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से बीते कल भी कई स्थानों पर बारिश और अंधड़ के साथ ओलावृष्टि हुई है। लाहौल स्पीति की ऊंची चोटियों पर बर्फबारी के साथ ही सोलन, कांगड़ा, बिलासपुर, सिरमौर, मंडी और शिमला जिला के रामपुर में अंधड़ के साथ ओलावृष्टि से किसानों बागवानों को भारी नुकसान हुआ है। बीते पांच दिनों से विभिन्न क्षेत्रों में ओलावृष्टि और अंधड़ से सेब और स्टोन फ्रूट्स की फसल को भारी नुकसान हुआ है। संयुक्त किसान मंच के सह संयोजक संजय चौहान ने इस नुकसान के आंकलन और मुआवजे के लिए सरकार से मांग की है।

लगातार बारिश और ओलावृष्टि ने प्रदेश में विभिन्न फसलों को भी नुकसान पहुंचाया है। प्रदेश के निचले क्षेत्रों में इन दिनों गेहूं और जो कि कटाई जारी है लेकिन लगातार बारिश और ओलावृष्टि से किसानों की खड़ी व कटी हुई फ़सलें खेतों में ही ख़राब हो रही है। किसानों ने सरकार से आर्थिक मदद की भी गुहार लगाई है। —बाइट्स,,,, किसान 1,2,3——

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के पूर्वानुमान के अनुसार आगामी 8 मई तक प्रदेश में मौसम खराब रहने से तेज बारिश व अंधड़ की संभावना बनी रहेगी। विभाग ने आज प्रदेश के 6 जिलों चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, शिमला और लाहौल स्पीति के लिए वर्षा के साथ तुफान आने का यलो अलर्ट जारी किया है।

कैबिनेट

प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में लगातार दो दिन आज और कल राज्य सचिवालय शिमला में आयोजित होगी। महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा के बाद अहम निर्णय लिए जाने के दृष्टिगत पहली बार लगातार दो दिन मंत्रिमंडल की बैठक रखी गई है। मंत्रिमंडल बैठक आज दोपहर बाद आरंभ होगी।

बीजेपी प्रदर्शन

हिमाचल प्रदेश से पाकिस्तानी नागरिकों को वापिस भेजने के लिए सरकार द्वारा उचित कदम न उठाए जाने के विरोध में भाजपा द्वारा आज प्रदेश भर में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। भाजपा मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने बताया कि राष्ट्रहित में पाकिस्तानी नागरिकों को वापिस भेजने का अत्यंत महत्वपूर्ण निर्णय केंद्र सरकार ने लिया है। लेकिन प्रदेश सरकार हिमाचल में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को वापिस भेजने के प्रति बिल्कुल भी गंभीर नहीं है। ——बाईट—कर्ण नंदा——

सुर्खियां समाचार पत्रों से

आज सभी समाचार पत्रों ने अलग—अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

अमर उजाला राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी के हवाले से लिखता है वन भूमि पर रह रहे लोगों को मिले पट्टे— बेचने का नहीं होगा अधिकार।

पंजाब केसरी की सूर्खी है मंत्रीमंडल की बैठक आज— एक सौ 40 से अधिक ऐजेंडे शामिल। दैनिक भास्कर मुख्यमंत्री के हवाले से लिखता है प्रदेश में आंदोलन रत— प्राथमिक शिक्षक संघ के मुद्दों पर गंभीरता से विचार करें शिक्षा मंत्री।